an>

Title: Need to set up a Central University in Purnia Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया) : महोदया, बिहार के मोतिहारी और गया जिले में केन्द्रीय विश्वविद्यालय सरकार द्वारा खोलने की स्वीकृति दी गयी है, जो स्वागतयोग्य है। बिहार के सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया में कोई केन्द्रीय स्तर का शिक्षण संस्थान नहीं है। यह इलाका शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। सीमांचल क्षेत्र में दो प्रमण्डल तथा कई जिले आते हैं। इसके मध्य में पूर्णिया प्रमण्डल पड़ता है। यह क्षेत्र आर्थिक एवं सामाजिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ है। यहाँ के गरीब परिवार के मेधावी छात्र-छात्रायें आर्थिक बदहाली के कारण बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ हैं।

अतः मैं सदन के माध्यम से सरकार से यह माँग करता हूँ कि इस बात को सरकार अपने संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया में केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने की कृपा करे।

माननीय अध्यक्ष : श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी, आपका स्टेट से सम्बन्धित मैटर है।